उत्तर प्रदेश के शिक्षण संस्थानों में आरोग्य वाटिका

चर्चा में क्यों?

हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के सभी स्कूल कॉलेजों में आरोग्य वाटिकाएँ बनाने की घोषणा की गई है।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि आरोग्यवाटिका नवभारत टाइम्स द्वारा प्रारंभ एक विशिष्ट हेल्थ कॉर्नर है, जिसके तहत शहर के विभिन्न पार्कों में उच्च औषधीय गुणवत्ता वाली एवं प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली वनस्पति प्रजातियों को लगाया जाएगा, ताकि आमजन अपने आस-पास उपलब्ध पादपों से होने वाले स्वास्थ्य लाभों से परिचित हो सकें।
- सरकार की घोषणा के अनुसार, शिक्षण संस्थाओं में आरोग्यवाटिका बनाए जाने का उद्देश्य औषधीय वनस्पतियों एवं उनके प्रयोग की प्राचीन भारतीय परंपराओं के संबंध में विद्यार्थियों को जागरूक करना है।
- **सेंट्रल इंस्टीट्यूट फॉर सबट्रापिकिल हॉर्टीकल्चर, लखनऊ** के वैज्ञानिक आर.ए. राम के अनुसार, जन सामान्य भी किचिन गार्डन और टैरेस गार्डन में घर पर ही औषधीय पौधे उगा सकते हैं तथा इससे उत्पन्न कचरे को खाद में बदला जा सकता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/aarogya-vatika-in-educational-institutions-of-uttar-pradesh